# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 03.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रेल मंत्री से चांडिल–टाटा रेल खंड में ट्रेनों की लेट–लतीफी को जल्द दूर करने की मांग की, लंबित रेल परियोजनाओ को पूरा करने का किया आग्रह।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वाणिज्य कर विभाग में 163 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने और 280 नए वाहनों की खरीद करने के दिए निर्देश।
3. राज्य सरकार करेगी ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स की स्थापना, छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकन और शोध के लिए मिलेगी हर संभव मदद।
4. रांची के 13 केंद्रों पर नीट परीक्षा दोपहर दो बजे से होगी शुरू, परीक्षा केंद्र में अंतिम प्रवेश दोपहर डेढ़ बजे तक, सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम।
5. झारखंड में मचेगा क्रिकेट का रोमांच, अगले महीने शुरू होगी टी–टवेंटी प्रीमियर लीग, दर्शकों के लिए पूरी तरह मुफ्त होगा स्टेडियम में प्रवेश।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चांडिल–टाटा रेल सेक्शन में यात्री ट्रेनों की लगातार देरी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से इस सेक्शन में यात्री ट्रेनें घंटों देर से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता देने और लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का आग्रह किया है। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त को अस्पतालों के ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि प्रसव के नाम पर अवैध वसूली मामलों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

********************

वित्त और वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विभाग में 163 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने और अधिकारियों के लिए 280 नए वाहनों की खरीद करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने वाणिज्य कर सचिव को पीत पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि विभाग को आधुनिक आधारभूत संरचना और मानव बल से लैस करना समय की मांग है। उन्होंने जोर दिया कि यदि अधिकारियों को पर्याप्त वाहन और सुविधाएं दी जाएं, तो राज्य का कर संग्रह 26 हजार करोड़ से बढ़कर सालाना 35 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंक का खात्मा करने के मोदी सरकार के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कल नई दिल्ली में शौर्य कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान सशस्त्र बलों के अतुलनीय शौर्य ने इसे भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बना दिया है।

भारत ने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सेल ब्रॉडकास्ट प्रणाली (सीबीएस) और सामान्य चेतावनी प्रोटोकॉल जैसी तकनीकों को अपनाने से आपदा से निपटने की तैयारी में काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कल सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि इससे शासन व्यवस्था में सुधार होगा और प्रत्येक नागरिक तक समय पर और प्रभावी ढंग से सूचना पहुंच सुनिश्चित होगी। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट प्रणाली का शुभारंभ किया था।

********************

झारखंड के मेधावी युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के द्वार खुल गए हैं, क्योंकि राज्य सरकार अब उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स बनाने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बनने वाला यह कार्यालय एक श्सिंगल विंडो सिस्टमश के रूप में काम करेगा, जो छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकन और शोध के लिए हर संभव मदद देगा। इस नई पहल के जरिए स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू होंगे, जिससे राज्य के छात्र विदेशों में पढ़ सकेंगे और विदेशी छात्र भी झारखंड आकर यहां की शिक्षा पद्धति का हिस्सा बनेंगे।

********************

स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी आज आयोजित की जा रही है। इसे देखते हुए रांची के 13 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। परीक्षा दोपहर दो बजे शुरू होगी और शाम पांच बजे समाप्त होगी। नीट के सूचना बुलेटिन के अनुसार परीक्षा केंद्र में अंतिम प्रवेश दोपहर डेढ़ बजे तक होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष 2019 से नीट यूजी परीक्षा का आयोजन कर रही है।

********************

भारत आ रहे मार्शल आइलैंड्स ध्वज के एल.पी.जी. टैंकर, एमटी सर्व शक्ति, ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इसमें 46 हजार 313 मीट्रिक टन एलपीजी है और 18 भारतीयों सहित चालक दल के 20 सदस्य सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस टैंकर के 13 मई तक विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है।

********************

गोड्डा जिले में बेहतर विधिव्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस को 38 नई मोटरसाइकिल मिली हैं। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि सायरन और फ्लैश लाइट से लैस ये बाइक बैंक और बाजार क्षेत्रों में गश्त करेंगी।

********************

जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र स्थित जीतपुर वन क्षेत्र से पुलिस ने एक युवक– युवती का शव बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान कर ली गई है और पुलिस की जांच जारी है।

********************

साहेबगंज में निर्मल गंगा, अविरल गंगा के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्रीय गंगा मिशन और मॉडल कॉलेज राजमहल की ओर से एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि गंगा की स्वच्छता के लिए इस अभियान को निरंतर जारी रखने की जरूरत है।

********************

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता पहलों को प्रोत्साहित करने और विकसित करने तथा विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय – शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभी मीडिया कर्मियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

********************

आईपीएल की तर्ज पर अब झारखंड में भी जून के पहले सप्ताह से टी–20 प्रीमियर लीग शुरू होने जा रहा है। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए और एसजे अपलिफ्ट के इस साझा आयोजन में पुरुषों की छह और महिलाओं की तीन टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें ईशान किशन और रॉबिन मिंज जैसे दिग्गज खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरेंगे। जेएससीए के सचिव सौरभ तिवारी ने बताया कि इस लीग में दर्शकों के लिए स्टेडियम में प्रवेश पूरी तरह मुफ्त होगा।

******************